बिहार सरकार

विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग

पत्रांक :– 2839 /पटना, दिनांक :– 14/9/22

प्रेषक,

लोकेश कुमार सिंह, भा०प्र०से०
सचिव।

सेवा में,

सभी प्राचार्य/प्रभारी प्राचार्य,
राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय/राजकीय पोलिटेकनिक संस्थान,
बिहार।

विषय :– संस्थान में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं की उपस्थिति Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के माध्यम सुनिश्चित करने के संबंध में।

महाशय,

आप अवगत हैं कि बिहार राज्य में 7 निश्चय के अंतर्गत प्रत्येक जिले में एक अभियंत्रण महाविद्यालय एवं एक पोलिटेकनिक संस्थान की स्थापना की गई है। इन संस्थानों की स्थापना का उद्देश्य यह है कि राज्य के छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा राज्य के अंदर प्राप्त हो और इसके फलस्वरूप वे अपने जीवन में बेहतर प्रदर्शन कर सके। इस उद्देश्य की पूर्ति तभी हो सकती है जब छात्र–छात्राएँ कक्षा में नियमित रूप से उपस्थित हों और उन्हें गुणवत्तापूर्ण पठन–पाठन/प्रशिक्षण की व्यवस्था उपलब्ध हो सके। राज्य सरकार द्वारा इन संस्थानों में नियमित शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और इस हेतु आगे भी कार्रवाई की जा रही है। साथ ही अतिथि शिक्षकों की सेवा लिये जाने का भी प्रावधान किया गया है। इन सारे प्रयासों के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा पर्याप्त राशि का व्यय छात्र–छात्राओं के शिक्षण/प्रशिक्षण पर किया जा रहा है। इसलिए यह आवश्यक है कि कि छात्र–छात्राएँ पठन–पाठन हेतु संस्थान में उपस्थित रहें।

अतः यह निर्णय लिया गया है कि छात्र–छात्राओं के संस्थान में आगमन एवं प्रस्थान को Bihar Biometric Attendance System (BBAS) के माध्यम से सुनिश्चित किया जाए। अतः पर्याप्त संख्या में Biometric Attendance Device का अधिष्ठापन कर छात्र–छात्राओं एवं उनके अभिभावक को इस संबंध में सूचित करें एवं छात्र–छात्राओं की उपस्थिति का दैनिक अनुश्रवण भी करें। 75 प्रतिशत से कम उपस्थिति वाले छात्र–छात्राओं के

संबंध में नियमानुसार कार्रवाई हेतु संबंधित विश्वविद्यालय/राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद् से भी अलग से अनुरोध किया जायेगा।

कृपया इसका अनुपालन सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

14/9/2022

(लोकेश कुमार सिंह)

ज्ञापांक :– 2839 /पटना, दिनांक :– 14/9/22

प्रतिलिपि :– कुलपति, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, बिहार, पटना/कुलपति, बिहार अभियंत्रण विश्वविद्यालय, बिहार, पटना/सचिव, राज्य प्रावैधिक शिक्षा पर्षद्, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

14/9/2022

(लोकेश कुमार सिंह)

ज्ञापांक :– 2839 /पटना, दिनांक :– 14/9/22

प्रतिलिपि :– माननीय मंत्री, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग के आप्त सचिव, विज्ञान एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

(लोकेश कुमार सिंह)

14/9/2022